# RNTU TIMES

Rank Band 151-200 in University Category in nirf 2025

VOLUME: 9 | www.rntu.ac.in | September-October, 2025





विश्व रंग फाउंडेशन भारत
भारतीय संस्कृति, वैश्विक मंच!

# विश्व रंग श्रीलंका 2025 : भाषा, संस्कृति और एकता का भव्य उत्सव

## दक्षिण एशियाई देशों में हिंदी और भारतीय भाषाओं के साहित्यिक आदान-प्रदान, शोध व रोजगार संभावनाओं पर हुआ सार्थक विमर्श

**29th Sep.:** विश्व रंग श्रीलंका–2025 का भव्य शुभारंभ विश्व रंग फाउंडेशन (भारत), रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल (भारत), स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र, भारतीय उच्चायोग, कोलंबो, श्रीलंका के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी विवेकानन्द सांस्कृतिक केन्द्र, भारतीय उच्चायोग, कोलंबो (श्रीलंका) में समारोह पूर्वक किया गया। उद्घाटन अवसर पर भारतीय और श्रीलंकाई साझा संस्कृति के विविध रंगों को समेटे रंगारंग शोभायात्रा का आयोजन किया गया। विश्व रंग आया है रंग हजारों लाया है, विश्व रंग जिन्दाबाद के गगनभेदी नारों ने सभी को रोमांचित कर दिया। विश्व रंग की रंगारंग शोभा यात्रा ने विश्व एकता, सद्भावना और मानवता का पैगाम पूरे विश्व को दिया।

### श्रीलंका में विश्व रंग ने रचा सांस्कृतिक एकता का नया आया

शोभा यात्रा के पश्चात अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर विधिवत रूप से विश्व रंग श्रीलंका के संस्करण का भव्य शुभारंभ किया गया। विश्व रंग के स्वप्न दृष्टा श्री संतोष चौबे, निदेशक, विश्व रंग एवं कुलाधिपति, रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय ने सर्वप्रथम विश्व रंग की दृष्टि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुझे यह कहते हुए बड़ा गर्व है, कि हिंदी विश्व की तीसरी भाषा के रूप में जानी जाती है। हम पिछले 40 वर्षों से हिंदी के संरक्षण, संवर्धन, और प्रचार प्रसार की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं। हमारा मानना है कि मनुष्य और समाज को रचनात्मक रूप से बदलने की ताकत कला, संस्कृति, साहित्य और भाषा में होती है। विश्व रंग की अवधारणा को रखते हुए कहा कि हिंदी के सामने विकास की असीम संभावनाएँ हैं। हम सभी को इस दिशा में संकल्पित होकर काम करना चाहिए। साथ ही साथ तकनीकी का उपयोग हिंदी के विकास की दिशा में करने की जरूरत है। बोलियों और भाषाओं में जीवन का रस है, इसलिए हमें बोलियों और भाषाओं को भी नहीं भूलना है। भारत की भाषा, संस्कृति, कला और साहित्यिक समृद्धि को लेकर विश्व रंग आप सबके सामने हैं।

विशिष्ट अतिथि श्री पवन वर्मा, सुप्रसिद्ध लेखक, राजनयिक एवं पूर्व राज्य सभा सांसद ने दक्षिण एशियाई एवं दक्षिण–पूर्व एशियाई देशों की सांस्कृतिक एकता के आधार पर उद्घाटन वक्तव्य रखते हुए कहा कि इन सभी देशों की एतिहासिक पृष्ठभूमि में सांस्कृतिक एकता के मजबूत आधार मौजूद हैं। भाषाई समन्वय भी बड़ा आधार है। हमें इन्हें फिर से एक सूत्र में पिरोने की जरूरत है। यह समय हमारी मातृभाषाओं, बोलियों और क्षेत्रीय भाषाओं को बचाने का समय है। एक भाषा का लुप्त होना पूरी संस्कृति का लुप्त हो जाना होता है। भाषा के साथ ही हमारी लोरियां, गीत, मुहावरे, कहावतें भी लुप्त हो जाती है।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि महामहिम श्री संतोष झा, भारत के उच्चायुक्त ने अपने उद्बोधन में कहा कि विश्व रंग श्रीलंका –2025 का आयोजन विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र, भारतीय उच्चायोग, कोलंबो में होना भारत और श्रीलंका की साझा सांस्कृतिक विरासत को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि माननीय श्री हिनिदुमा सुनील सेनावी, मंत्री–बुद्धशासन, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्य, श्रीलंका ने कहा कि हिंदी भाषा और संस्कृति को केंद्र में रखकर कोलंबो में विश्व रंग श्रीलंका–2025 का आयोजन होना हमारे लिये गौरव का विषय है। श्रीलंका सरकार भी हिंदी के लिए विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों को सहयोग प्रदान करती है।

स्वागत उद्बोधन श्री अंकुरण दत्ता, निदेशक, विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र, श्रीलंका एवं डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स, निदेशक, विश्व रंग फाउंडेशन (भारत) द्वारा दिया गया। इस अवसर पर विश्व रंग की अब तक की यात्रा पर केंद्रित वीडियो फिल्म की प्रस्तुति की गई।




श्री पवन वर्मा, सुप्रसिद्ध लेखक, राजनयिक एवं पूर्व राज्य सभा सांसद (भारत) द्वारा 'दक्षिण एवं दक्षिण पूर्व एशियाई देशों की सांस्कृतिक एकता के आधार' के आधार पर उद्घाटन व्याख्यान दिया गया। व्याख्यान के पश्चात श्री संतोष चौबे, निदेशक, विश्व रंग ने श्री पवन वर्मा से सार्थक बातचीत की।



उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि महामहिम संतोष झा, भारत के उच्चायुक्त ने अपने उद्बोधन में कहा कि विश्व रंग श्रीलंका –2025 का आयोजन विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र, भारतीय उच्चायोग, कोलंबो में होना भारत और श्रीलंका की साझा सांस्कृतिक विरासत को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा।



विशिष्ट अतिथि माननीय हिनिदुमा सुनील सेनावी, मंत्री–बुद्धशासन, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्य, श्रीलंका ने कहा कि हिंदी भाषा और संस्कृति को केंद्र में रखकर कोलंबो में विश्व रंग श्रीलंका–2025 का आयोजन होना हमारे लिये गौरव का विषय है। श्रीलंका सरकार भी हिंदी के लिए विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों को सहयोग प्रदान करती है।



नव नालंदा महाविहार के कुलपति प्रो. सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि विश्वरंग जैसे कार्यक्रम न केवल एक दूसरे को समझने का मौका देते हैं, बल्कि विभिन्न देशों को एक दूसरे के सांस्कृतिक विविधता का सम्मान करना और उसे अपनाना सिखाते हैं।

## साझा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से गुलजार हुई विश्व रंग श्रीलंका की सुहानी शाम



विश्व रंग श्रीलंका में श्रीलंका के कलाकारों ने श्रीलंका और भारत की एतिहासिक साझा सांस्कृतिक विरासत को लोकनृत्य वेस नृत्य, सिंहवल्ली की कहानी, तिरलाना, नारिलता नृत्य, शिव द्रुपद - एक कथक नृत्य, कैंडियन डुवट डांस, नटेश कौत्तम, कथक फियुशन, गजगा आदि की मनोहारी प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों द्वारा शनि की महादशा नामक नाट्य प्रस्तुति की भी अविस्मरणीय प्रस्तुति दी।





विश्व रंग के निदेशक श्री संतोष चौबे, इलेक्ट्रॉनिकी आपके लिए की संपादक डॉ. विनीता चौबे, विश्व रंग फाउंडेशन की निदेशक डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स ने सांस्कृतिक संध्या के अंत में सभी कलाकारों का सम्मान किया। कार्यक्रम में भारत और श्रीलंका की साझा परंपराओं को दर्शाती लोकनृत्य, कथक और नाट्य प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## विश्व रंग श्रीलंका में 'विश्व में हिंदी' सहित महत्वपूर्ण पुस्तकें हुई लोकार्पित



पुस्तक लोकार्पण के अंतर्गत 65 देशों में हिंदी की स्थिति का विस्तार पूर्वक आकलन करती पुस्तक 'विश्व में हिंदी' का लोकार्पण अतिथियों द्वारा किया गया। टैगोर विश्व कला एवं संस्कृति केंद्र द्वारा तैयार टैगोर के सांस्कृतिक निबंधों कै सहेज कर तैयार की गई पुस्तक 'आनंदधारा', दक्षिण भारतीय भाषाओं में हिंदी पर केंद्रित विश्व रंग संवाद पत्रिका के विशेषांक का लोकार्पण भी किया गया। विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र, भारतीर उच्चायोग, कोलंबो, श्रीलंका द्वारा प्रकाशित 'सिंहली–हिंदी शब्द कोश' एवं श्रीलंका हिंदी समाचार पत्रिका (हिंदी दिवस विशेषांक) का लोकार्पण भी इस अवसर पर किया गया।

**विश्व रंग श्रीलंका 2025 में श्रीलंका के हिंदी विद्वानों को विश्व रंग भाषा सम्मान से किया गया अलंकृत:** विश्व रंग के अंतर्गत भारतीय भाषाओं और हिंदी के वैश्विक प्रचार प्रसार के लिए उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वालों को विश्व रंग भाषा सम्मान से सम्मानित किया जाता है। श्रीलंका में हिंदी के उत्कृष्ट कार्य करने के लिए श्रीमती वसंता पद्मिनी, वरिष्ठ शिक्षाविद् एवं हिंदी सेवी तथा श्री संगीत रत्नायक, वरिष्ठ शिक्षाविद् एवं हिंदी सेवी को विश्व रंग भाषा सम्मान से सम्मानित किया गया।

दोनों हिंदी सेवी को यह सम्मान महामहिम श्री संतोष झा, भारत के उच्चायुक्त, विशिष्ट अतिथि माननीय श्री हिनिदुमा सुनील सेनावी, मंत्री–बुद्धशासन, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्य, श्रीलंका, विशिष्ट अतिथि श्री पवन वर्मा, सुप्रसिद्ध लेखक, राजनयिक एवं पूर्व राज्य सभा सदस्य, समारोह के अध्यक्ष श्री संतोष चौबे, निदेशक, विश्व रंग एवं कुलाधिपति, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, श्री अंकुरण दत्ता, निदेशक, स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र, श्रीलंका, डॉ. विजय सिंह, कुलपति, स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किये गए।



## 'विश्व रंग' के विभिन्न सत्रों में विचारों का संगम और सृजन का उत्सव




उद्घाटन व्याख्यान में श्री पवन वर्मा, सुप्रसिद्ध लेखक, राजनयिक एवं पूर्व राज्य सभा सांसद (भारत) द्वारा 'दक्षिण एवं दक्षिण पूर्व एशियाई देशों की सांस्कृतिक एकता के आधार' के आधार पर उद्घाटन व्याख्यान दिया गया। व्याख्यान के पश्चात श्री संतोष चौबे, निदेशक, विश्व रंग ने श्री पवन वर्मा से सार्थक बातचीत की। इसके पश्चात 'दक्षिण एवं दक्षिण पूर्व एशिया के देशों में सांस्कृतिक समन्वय' सत्र का आयोजन विश्व रंग के निदेशक, श्री संतोष चौबे की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। वक्ता के तौर पर डॉ. सिद्धार्थ सिंह, कुलपति, डॉ. अख़लाक़ अहमद, वरिष्ठ शिक्षाविद्, डॉ. सुनील बाबूराव कुलकर्णी, निदेशक केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा ने अपने विचार रखे। अगले सत्र में 'दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों की भाषाओं, भाषिक तत्वों की समानता' सत्र का आयोजन प्रो. लक्ष्मण सेनेविरत्न (श्रीलंका) की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। वक्ता के रूप में श्री विजय कुमार मलहोत्रा, डॉ.सरसि रणसिंह (श्रीलंका), डॉ. जवाहर कर्नावट, निदेशक, टैगोर अंतरराष्ट्रीय हिंदी केंद्र द्वारा विचार व्यक्त किए गए। अगले सत्र में 'दक्षिण एवं दक्षिण पूर्व एशिया के देशों में भारतीय भाषाओं का परिदृश्य' विषय पर सत्र का आयोजन वरिष्ठ शिक्षाविद् डॉ. मणींद्रनाथ ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया। वक्ता के रूप में डॉ. करुणा शंकर उपाध्याय, अध्यक्ष, हिंदी विभाग, मुंबई विश्वविद्यालय, श्री राकेश पाठक, संपादक, प्रवासी संसार ने विचार व्यक्त किये।

अंतिम सत्र में 'विदेशी भाषा व तृतीय भाषा के संदर्भ में दक्षिण पूर्व एशिया के देशों के हिंदी विद्यार्थियों की समस्याएँ' विषय पर सत्र का आयोजन डॉ. जितेन्द्र श्रीवास्तव, वरिष्ठ कवि, आलोचक एवं निदेशक, अंतरराष्ट्रीय प्रभाग, इग्नू (शिक्षा विभाग, भारत सरकार) नई दिल्ली की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। वक्ता के रूप प्रो. अनुषा सल्वतुर (श्रीलंका), सुश्री रिदमा निशादिनी लंसक्कार (श्रीलंका), डॉ. सुनील बाबूराव कुलकर्णी, निदेशक, केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा, श्रीमती सुनीता पाहुजा ने अपने विचार व्यक्त किये। छात्र संगम में श्रीलंका के सैकड़ों विद्यार्थियों ने विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में की रचनात्मक भागीदारी

विश्व रंग श्रीलंका के अवसर पर श्रीलंका में हिंदी की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के लिए 'छात्र संगम' का आयोजन कर उनके विशेष रूप से इसका हिस्सा बनाया गया। दो सत्रों में आयोजित छात्र संगम में श्रीलंका के सैकड़ों विद्यार्थियों ने विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में रचनात्मक भागीदारी की।

## एनआईआरएफ रैंकिंग 2025: रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय प्रदेश का एकमात्र निजी विश्वविद्यालय, जिसने लगातार सातवें वर्ष यूनिवर्सिटी रैंकिंग में हासिल किया स्थान

**4th Sep.:** शिक्षा मंत्रालय भारत शासन की नेशनल इंस्टिट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) की इंडियन रैंकिंग 2025 की हाल ही में माननीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान ने घोषणा की है। मध्य प्रदेश के निजी विश्वविद्यालयों में रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय एक मात्र विश्वविद्यालय है जिसने लगातार सातवें वर्ष देश के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय में अपना स्थान बनाया है। इस वर्ष यूनिवर्सिटी रैंकिंग में विश्वविद्यालय ने 151-200 रैंक बैंड और इंजीनियरिंग रैंकिंग में 201-300 रैंक बैंड में स्थान हासिल किया है। रैंकिंग का निर्धारण विभिन्न पैरामीटर्स के आधार पर किया जाता है। जिसमें टीचिंग, लर्निंग व रिसोर्सेस, रिसर्च एण्ड प्रोफेशनल प्रैक्टिस, ग्रेजुएशन आउटकम, आउटरीच एण्ड इनक्लूसीविटी और परसेप्शन शामिल है।



इस उपलब्धि पर रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री संतोष चौबे ने विश्वविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि यह गौरव की बात है कि विश्वविद्यालय निरंतर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। प्रयोजी निकाय आईसेक्ट संस्था के सचिव डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, विश्वविद्यालय की प्रो-चांसलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स, कुलपति डॉ रवि प्रकाश दुबे, आईक्यूएसी निदेशक डॉ. नितिन वत्स तथा प्रतिकुलपति डॉ. संजीव गुप्ता और कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक, विद्यार्थी और प्रशासनिक स्टाफ को बधाई दी।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. रवि प्रकाश दुबे ने बताया कि इस वर्ष विश्वविद्यालय को एनआईआरएफ के विभिन्न पैरामीटर्स पर अच्छे अंक प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य आगामी वर्षों में देश के शीर्ष 100 संस्थानों में अपनी जगह बनाने का है। वहीं आईक्यूएसी निदेशक डॉ. नितिन वत्स ने कहा कि इस सफलता का श्रेय विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं संपूर्ण टीम को जाता है। विश्वविद्यालय का कौशल विकास, ई-लर्निंग, उद्यमिता, कला एवं संस्कृति, खेल, शोध और नवाचार पर हमारा विशेष ध्यान केंद्रित है।




### विश्वरंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2025 : 65 देशों में हिंदी का वैश्विक उत्सव सम्पन्न



**23rd Sep.:** विश्व रंग फाउंडेशन, रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल और वनमाली सृजन पीठ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित विश्वरंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2025 का समापन अंतरराष्ट्रीय अनुवाद दिवस पर हुआ। 14 से 30 सितम्बर तक चले इस आयोजन में भारत सहित 65 देशों के हजारों विद्यार्थियों ने भाग लिया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 15 सितम्बर को ओलंपियाड की वेबसाइट का शुभारंभ किया था। कार्यक्रम के दौरान संतोष चौबे, डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स, डॉ. अमिताभ सक्सेना, डॉ. जवाहर कर्नावट और विनय उपाध्याय उपस्थित रहे।

संतोष चौबे ने कहा कि यह ओलंपियाड हिंदी को विश्व स्तर पर जोड़ने वाला अब तक का सबसे बड़ा सांस्कृतिक–शैक्षणिक अभियान है।

# मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया 'विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2025' का औपचारिक शुभारंभ

**15th Sep.:** हिंदी भाषा के वैश्विक प्रचार – प्रसार और नई पीढ़ी को हिंदी से जोड़ने के उद्देश्य से विश्व रंग फाउंडेशन (भारत), रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल एवं वनमाली सृजन पीठ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2025 का भव्य शुभारंभ मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रवीन्द्र भवन, भोपाल के हंसध्वनि सभागार में संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित 'भारतीय मातृभाषा अनुष्ठान' में समारोह पूर्वक पोस्टर लोकार्पित कर किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि जैसे माँ के चरणों में चारधाम होते हैं, वैसे ही मातृभाषा की गोद में आनंदधाम होता है। वैश्विक स्तर पर हिंदी भाषा का मान बढ़ रहा हैं। यह हमारे लिये गौरव की बात है।

इस अवसर पर मध्यप्रदेश के लोकनिर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, श्री भगवान दास सबनानी, विधायक, भोपाल, श्री शिवशेखर शुक्ला, अपर मुख्य सचिव, संस्कृति विभाग, मध्य प्रदेश शासन, श्री संतोष चौबे, निदेशक, विश्व रंग एवं कुलाधिपति, रबीन्द्रनाथ



टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल श्री एन.पी. नामदेव, संचालक संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन, श्री राम तिवारी, न्यासी सचिव, वीर भारत न्यास, पद्मश्री विजय दत्त श्रीधर, संयोजक, भारतीय मातृभाषा अनुष्ठान, श्री विजय मनोहर तिवारी, कुलगुरु, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, डॉ. मुकेश मिश्रा, निदेशक दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान, भोपाल, डॉ. जवाहर कर्नावट, निदेशक, टैगोर अंतरराष्ट्रीय हिंदी केंद्र, श्री विकास अवस्थी, सीईओ, विश्व रंग फाउंडेशन भी मंच पर उपस्थित रहे। समारोह का संचालन श्री विनय उपाध्याय, निदेशक टैगोर विश्व कला एवं संस्कृति केंद्र द्वारा किया गया। इस अवसर हजारों हिंदी साहित्यकारों, युवाओं एवं हिंदी के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भागीदारी की।

उल्लेखनीय है कि विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड का आयोजन हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में 14 सितंबर से प्रारंभ होकर 30 सितम्बर (अंतरराष्ट्रीय अनुवाद दिवस) तक भारत सहित विश्व के 65 से अधिक देशों में जारी रहेगा।

इस अवसर पर विश्व रंग के निदेशक और रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री संतोष चौबे ने विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 65 देशों में हिंदी के लिए काम करने वाले, हिंदी बोलने, सुनने, लिखने वाले लोगों को एक साथ जोड़ने का रचनात्मक कार्य करेगा। हिंदी ओलंपियाड में भारत में 'कक्षा 1 से लेकर स्नातकोत्तर' तक तथा विदेशों में 'स्तर 1' से 'स्तर 6' तक के विद्यार्थियों को छह स्तरों पर अवसर दिया गया है।

हिंदी ओलंपियाड अपने स्वरूप और विस्तार में अब तक का सबसे बड़ा सांस्कृतिक–शैक्षणिक अभियान हैं। विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएँगे, साथ ही प्रत्येक प्रतिभागी को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड के शुभारंभ के साथ ही देश–विदेश से हजारों प्रतिभागियों ने सफलतापूर्वक इसमें अपनी भागीदारी दर्ज कराई।

# साहित्य अकादमी, दिल्ली में श्री संतोष चौबे का कहानी संग्रह 'ग़रीबनवाज़' का लोकार्पण

**5th Sep.:** वरिष्ठ कवि–कथाकार, निदेशक विश्व रंग एवं रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे के ताजा कहानी संग्रह 'ग़रीबनवाज़' का लोकार्पण एवं पुस्तक चर्चा का आयोजन साहित्य अकादमी, दिल्ली के सभागार में समारोह पूर्वक किया गया। यह महत्वपूर्ण आयोजन वनमाली सृजन पीठ दिल्ली एवं राजकमल प्रकाशन समूह, दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।




'ग़रीबनवाज़' के पूर्व संतोष चौबे के छः कहानी संग्रह 'हल्के रंग की कमीज', 'रेस्त्राँ में दोपहर', 'नौ बिन्दुओं का खेल', 'बीच प्रेम में गाँधी', 'मगर शेक्सपियर को याद रखना' तथा 'प्रतिनिधि कहानियाँ' प्रकाशित और काफी चर्चित हुए हैं। 'ग़रीबनवाज़' का लोकार्पण सुप्रसिद्ध कथाकार ममता कालिया जी के आत्मीय सान्निध्य में और वरिष्ठ रचनाकार जानकी प्रसाद शर्मा की अध्यक्षता में अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर संतोष चौबे ने अपने ताजा कहानी संग्रह से "ग़रीबनवाज़" कहानी का बेहतरीन पाठ किया। उन्होंने इस अवसर पर अपनी रचना प्रक्रिया पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पठनीयता को लेकर मैं हमेशा सजगता बरतता हूँ। कहानी पढ़ते समय पाठक पहले ही वाक्य से कहानी के भीतर प्रवेश करें और फिर उसे पूरा पढ़कर ही रहें। मेरा मानना है कि लेखक की पवित्रता और उसका भोलापन हमेशा बना रहना चाहिए। मेरी कहानियों का मुख्य आधार उनमें दृश्यात्मकता और इंटेनसिटी का होना हैं।

सुप्रतिष्ठित कथाकार ममता कालिया जी ने कहा कि आज हम सुप्रसिद्ध कथाकार संतोष चौबे जी से मुखातिब है, वे सामाजिक सरोकारों और मानवता की पक्षधरता के प्रति काफी सजग है। 'ग़रीबनवाज़' एक यथार्थवादी कहानी है। इसके अपने सामाजिक सरोकार हैं। इसमें श्रमजीवी पक्ष और वर्चस्ववादी पक्ष का यथार्थवादी द्वंद है। लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार जानकीप्रसाद शर्मा ने कहा कि संतोष चौबे की कहानियों की सबसे बड़ी विशेषता है उनकी असाधारण पठनीयता का होना। उनकी कहानियाँ पाठक को पहले ही वाक्य से अपने संगसाथ बहाकर ले जाती है।

कार्यक्रम में वरिष्ठ आलोचक– संपादक अखिलेश ने कहा कि संतोष चौबे जी की कहानी यथार्थ की गहनता और व्याप्ति में जाकर सत्य को आख्यान में रूपांतरित करने का जतन करती है। इस प्रक्रिया में वह कहानी कहने के अनेक अनुशासनों को नकारती है और यूँ अपनी तरह के कथानुशासन एवं शिल्प की निर्मिति करती है।

वरिष्ठ आलोचक विनोद तिवारी ने कहा कि इस संग्रह की खुबसूरती यह हैं कि जब कभी लंबी कहानियों का इतिहास बनेगा तो इन्हें जरूर रेखांकित किया जाएगा। संतोष चौबे की कहानियों में प्रेम, करुणा, मानवता, दया प्रमुखता से उपस्थित होते हैं। कहानियों को रचते हुए वे विधाओं से बाहर भी जाते हैं। उनकी कहानियों में साहित्यिक, सांस्कृतिक वातावरण के साथ सामाजिक सरोकार का मोटिव भी प्रमुखता से होता हैं। संतोष चौबे की कहानियों में अंत अनायास ही नहीं होता वे अंत की चिंता पूर्ण संवेदनशीलता के साथ करते हैं। वरिष्ठ कथाकार अल्पना मिश्र ने कहा कि इतने तेज गति से भागते समय में आत्मीय माहौल रचते हुए संतोष जी की कहानियाँ धीरे–धीरे से चलती है और अचानक से विचार एक केन्द्रीय बिंदु के रूप में हमारे समक्ष आ जाता है। युवा कथाकार आशुतोष ने कहा कि संतोष चौबे जी कहानियों का आरंभ कौतूहल के साथ करते हैं और अंत भी कौतूहल के साथ करते हैं। उनकी कहानियाँ लेखकीय नियंत्रण में रहती हैं। वे दार्शनिक दृष्टि के स्थान पर वैज्ञानिक और मानवीय दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए कहानियाँ रचते हैं।

लोकार्पण समारोह में स्वागत उद्बोधन वरिष्ठ कवि एवं वनमाली सृजन पीठ, दिल्ली के अध्यक्ष लीलाधर मंडलोई ने दिया। अतिथियों का स्वागत वनमाली सृजन पीठ की राष्ट्रीय संयोजक एवं आईसेक्ट पब्लिकेशन की प्रबंधक सुश्री ज्योति रघुवंशी द्वारा किया गया। इस यादगार लोकार्पण समारोह का संचालन युवा रचनाकार प्रांजल धर ने किया। प्रारंभिक संचालन युवा कथाकार एवं वनमाली कथा के संपादक कुणाल सिंह द्वारा किया गया। आभार राजकमल प्रकाशन समूह के अशोक माहेश्वरी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर दिल्ली एनसीआर से बड़ी संख्या में वरिष्ठ एवं युवा रचनाकारों तथा साहित्यप्रेमियों ने रचनात्मक भागीदारी की।

# एनसीसी के राष्ट्रीय स्तर के ऑल इंडिया नौ सैनिक कैम्प-2025 में आरएनटीयू की शानदार उपलब्धि




**23th Sep.:** रबींद्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी के एनसीसी अधिकारी सब लेफ्टिनेंट मनोज मनराल के नेतृत्व में मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ निदेशालय ने ऑल इंडिया नौ सैनिक कैम्प-2025 में देशभर के निदेशालयों के बीच बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ऑल ओवर इंडिया द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इस कैम्प में यूनिवर्सिटी के ही एनसीसी कैडेट रिशम ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए हेल्थ एंड हाइजीन इवेंट में गोल्ड मेडल जीतकर विश्वविद्यालय और प्रदेश का नाम रोशन किया। पूरे कैम्प के दौरान मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ डायरेक्टरेट ने शानदार प्रदर्शन किया और कुल मिलाकर 8 गोल्ड, 1 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए। इसके साथ ही, टीम ने शिप मॉडलिंग की विजेता ट्रॉफी जीतकर उपलब्धियों में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ा।

ज्ञात हो कि नौ सैनिक कैंप एनसीसी नेवल विंग का सबसे प्रतिष्ठत कैंप है। इस 12 दिवसीय कैंप में 17 निदेशालयों से 600 से अधिक नेवल कैडेट्स भाग लेते है। कैंप के दौरान कैडेट्स नौ अलग अलग प्रकार की प्रतियोगियों में भाग लेते है जिसमें बोट पुलिंग, ड्रिल, फायरिंग, सेमाफोर, हेल्थ एंड हाइजीन, सर्विस सब्जेक्ट, शिप मॉडलिंग, बोटरैगिंग और सीमनशिप है।

सब लेफ्टिनेंट मनोज मनराल की अगुवाई में मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ निदेशालय ने 2022 में ओवर ऑल पांचवां एवं बोट पुलिंग में पहला, 2024 में ओवर ऑल तीसरा और एवं बोट पुलिंग में पहला तथा इस वर्ष ओवर ऑल दूसरा एवं शिप मॉडलिंग प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया है।

इस उपलब्धि से लौटे कैडेट्स का जबलपुर रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया साथ ही भोपाल ग्रुप के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर आशीष रिखे ने कैडेट्स एवं सब लेफ्टिनेंट मनोज मनराल को मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय की प्रो-चांसलर डॉ अदिति चतुर्वेदी वत्स, कुलपति डॉ रवि प्रकाश दुबे, प्रति-कुलपति डॉ संजीव कुमार गुप्ता और कुलसचिव डॉ संगीता जौहरी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।

# SPECIAL YACHTING TRAINING CAMP

## Held in Visakhapatnam



**22nd Sep.:** A Special Yachting Training Camp at the national level was successfully conducted from 15 to 22 September 2025 in Visakhapatnam. The camp was organised by 3(A) NU NCC under the NCC Group Headquarters, Visakhapatnam. The venue for the training was the Indian Navy Watermanship Training Centre (INWTC), where 30 selected cadets from seven different NCC directorates across the country participated.

The primary objective of the camp was to prepare cadets for national and international yachting competitions. The training focused extensively on Enterprise Class boats, including their handling, rigging, and sailing techniques. Under the guidance of Naval instructors, the cadets received hands-on, practical training.

**Key Highlights of the Camp**

Hands-on Training: Cadets engaged in intensive practice sessions on sailing techniques, boat handling, and rigging.

Skill Development: Key skills such as navigation, maritime safety, and teamwork were effectively developed.

Competition Readiness: The training aimed to equip cadets for upcoming national and international yachting events.

Exposure to Maritime Culture: Beyond technical knowledge, the camp introduced cadets to the Indian Navy's maritime traditions, discipline, and leadership values.

Among the participants, **Cdt. Rishiraj Rajoriya** (B.Sc. Agriculture, 3rd Year) demonstrated active involvement and delivered an impressive performance.

The week-long camp proved to be an inspiring and enriching experience for cadets, offering them deeper insights into the world of maritime sports.

# हिंदी दिवस पखवाड़ा 2025: विश्व रंग फाउंडेशन, टैगोर अंतरराष्ट्रीय हिंदी केंद्र , हिंदी विभाग, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी दिवस पखवाड़ा – 2025 का भव्य शुभारंभ



**13th Sep.:** रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल के टैगोर अंतरराष्ट्रीय हिंदी केंद्र एवं हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस पखवाड़ा – 2025 के शुभारंभ अवसर पर "हिंदी का वैश्विक परिदृश्य : कल, आज और कल" विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और श्रीलंका के हिंदी विद्वान भागीदारी की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रवि प्रकाश दुबे ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में इस अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हिंदी के लिए हमारे प्रयासों को और अधिक ताकत प्रदान करेगी।

अतिथि वक्ता के रूप में श्रीमती रीता कौशल (ऑस्ट्रेलिया) ने कहा कि हिंदी समाज आस्ट्रेलिया के माध्यम से हिंदी का कार्य कर रहें हैं। दिनेश श्रीवास्तव जी के प्रयासों के जरिए हिंदी को 2012 में आस्ट्रेलिया के मुख्य पाठ्यक्रम में हिंदी को सम्मिलित किया गया। आस्ट्रेलियन टाइम्स में हिंदी के दो पृष्ठ प्रकाशन की शुरुआत हुए।

श्रीमती पद्मा वीरसिंह (श्रीलंका) ने कहा कि हिंदी से विशेष लगाव और प्रेम के चलते मैंने श्रीलंका में हिंदी स्वयं सीखी और आने वाली पीढ़ी को हिंदी पढ़ना लिखना सिखाया। भारतीय फिल्म जिस देश में गंगा बहती है फिल्म से प्रेरित होकर हमने हिंदी सीखने का संकल्प लिया।

डॉ. वंदना मुकेश शर्मा (लंदन) ने कहा कि लंदन में महेंद्र वर्मा जी ने 1967 से हिंदी का बहुत कार्य किया। वैश्विक स्तर पर रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित हिंदी पाठ्यक्रम हिंदी शिक्षण की दिशा में एक नींव का पत्थर साबित होगा। उन्होंने आगे कहा कि बीबीसी लंदन के जरिए एवं एफ.एम. रेडियो के माध्यम से भी ब्रिटेन में हिंदी के प्रति लोगों का लगाव बढ़ा है।

श्रीमती अतिला कोतलावल (श्रीलंका) ने कहा कि हमारे यहाँ हिंदी से लोगों को जोड़ना उतना आसान नहीं था। मैंने हिंदी शिक्षण संस्थान से हिंदी सीखी फिर श्रीलंका में छोटी बहनों को घर पर ही हिंदी पढ़ना लिखना सिखाया। हमने बोलचाल की हिंदी के लिए काम बहुत काम किया। युवाओं को हिंदी से जोड़ने हिंदी को रोजगार की भाषा बनाना होगा।

डॉ. के.सी. अजय कुमार (त्रिवेंद्रम, भारत) ने कहा कि केरल में हिंदी का पठन पाठन और प्रचार प्रसार प्रारंभ से रहा है। केरल पाठ्यक्रम में हिंदी की पढ़ाई अनिवार्य है। मलयालम संस्कृत आधारित भाषा हैं अतः केरल में हिंदी के प्रति लोगों का लगाव भी अधिक हैं। इस अवसर पर आईसेक्ट पब्लिकेशन, भोपाल द्वारा प्रकाशित एवं केरल के वरिष्ठ रचनाकार डॉ. के.सी. अजय कुमार द्वारा लिखित टैगोर: एक जीवनी (विश्वकवि रबीन्द्रनाथ ठाकुर का भावालोक)" , "कालिदास" एवं आस्ट्रेलिया की लेखिका सुश्री रीता कौशल द्वारा लिखित पुस्तक "परदेसिया" का लोकार्पण अतिथियों द्वारा किया गया। विश्व रंग की पत्रिकाओं 'वनमाली कथा', 'रंग संवाद', 'इलेक्ट्रॉनिकी आपके लिये' का लोकार्पण भी अतिथियों द्वारा किया गया।

# रावणेश्वर: भारत–श्रीलंका सांस्कृतिक संगम का बना अद्वितीय मंच



**23rd Oct:** रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय और विश्वरंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में श्रीलंका के प्रख्यात कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भव्य नृत्य-नाटिका "रावणेश्वर" ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह आयोजन भारतीय और श्रीलंकाई सांस्कृतिक परंपराओं के संगम का अनुपम उदाहरण बना।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री संतोष चौबे, श्रीलंका की इंडियन एंड एशियन डांस विभागाध्यक्ष डॉ. अमिला दमयंती, कुलगुरु प्रो. रवि प्रकाश दुबे, एसजीएसयू कुलगुरु डॉ. विजय सिंह, प्रति-कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता, और कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

## रावण की गाथा का कलात्मक पुनर्पाठ

रावणेश्वर श्रीलंका की रामायण परंपरा पर आधारित एक 55 मिनट की नृत्य-नाटिका है। कथा की शुरुआत रावण के शिवभक्त और संगीतप्रेमी रूप से होती है, जबकि आगे बढ़ते हुए उसके अहंकार, लालसा और पतन को नए कलात्मक आयामों में प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्तुति में कैंडियन, लो कंट्री और सबरगमो श्रीलंका की तीन प्रमुख पारंपरिक नृत्य शैलियों का अद्भुत संगम देखने को मिला।




## अभिनय, संगीत ने किया मंत्रमुग्ध

कलाकारों ने श्रीलंकाई पारंपरिक वेशभूषा, मुखौटों, विशिष्ट नृत्य मुद्राओं और संगीत का ऐसा संयोजन प्रस्तुत किया कि दर्शक कथा-भूमि में खो गए। मंच-चित्र, प्रकाश-प्रभाव और समूह-नृत्यों ने प्रस्तुति को दृष्टिगत और भावनात्मक दोनों स्तरों पर प्रभावशाली बना दिया।

## सांस्कृतिक संदेश: भारतीय–श्रीलंकाई सौहार्द

नृत्य-नाटिका यह संदेश देती है कि प्रतिभा और शक्ति का मूल्य तभी है जब उसके साथ आत्मनियंत्रण और दायित्व जुड़ा हो। यह प्रस्तुति भारत–श्रीलंका सांस्कृतिक संवाद का भी प्रतीक बनी।

कुलाधिपति श्री संतोष चौबे ने कहा, "यह आयोजन दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को नई ऊर्जा देता है। यह प्रस्तुति श्रीलंका की पारंपरिक नाट्य शैली और भारतीय सांस्कृतिक विविधता का अनूठा संगम है।"

## अयोध्या दीपोत्सव से भोपाल तक की यात्रा

इससे पूर्व श्रीलंकाई कलाकारों ने 17 से 20 अक्टूबर, 2025 को अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय रामलीला के हिस्से के रूप में 'रावणेश्वरा' का मंचन किया था, जो दीपोत्सव 2025 का प्रमुख आकर्षण रहा। इसके बाद यह प्रस्तुति भोपाल में टैगोर विश्वविद्यालय और विश्वरंग फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित की गई।

## डॉ. अमिला दमयंती की विशेष रचना

डॉ. दमयंती ने बताया कि यह नाटिका 2019 में कुंभ मेले के लिए तैयार की गई थी। यह श्रीलंका की लोककथाओं, तमिल परंपराओं और रावण की विभिन्न कथाओं का कलात्मक संगम है। इसमें 22 पात्रों को मंच पर जीवंत किया जाता है। इसमें पारंपरिक श्रीलंकाई वेशभूषा और संगीत का उपयोग किया गया है।



# RNTU Conducts Community Outreach in Adopted Village on NSS Day and World Pharmacist Day

**01st Oct.:** Rabindranath Tagore University marked NSS Day and World Pharmacist Day with a joint community outreach initiative organized by the Institute of Pharmacy and the NSS Unit at the Government High School campus of the university's adopted village, Tilendi. The event witnessed enthusiastic participation from students, teachers, NSS volunteers and the village school community.

To commemorate NSS Day, volunteers conducted a cleanliness drive across the school premises, raising slogans such as "Prakriti ke dushman teen pouch, panni, polythene," "Apna kachra aap uthaye, ghar-bahar ko saaf banaye," and "Hum badalenge, jag badlega" to spread the message of cleanliness and individual responsibility. Participants cleaned the grounds and encouraged children to adopt daily hygiene habits.






Marking World Pharmacist Day, the Institute of Pharmacy staged a street play *(Nukkad Natak)* highlighting the correct use of medicines, the role of pharmacists, and the importance of hygiene. The team also distributed pens, pencils and soaps to school children, promoting personal cleanliness and motivating them to maintain healthy habits. The programme was graced by Dr. Durga Pandey, Principal, Institute of Pharmacy; Dr. C.P. Mishra, Dean, Faculty of Medical Sciences; Mr. Gabbar Singh, Programme Officer, NSS; and Mrs. Kamlesh Mishra, Principal of the school.

Speaking on the occasion, Dr. C.P. Mishra emphasised that NSS plays a pivotal role in shaping the personality and character of young students, stating that every student should experience the transformational value of at least two years of NSS service.

Dr. Durga Pandey highlighted that the aim of World Pharmacist Day is to spread awareness about proper medicine usage and promote respect for the vital role pharmacists play in healthcare. She added that pharmacy students are continuously visiting villages to educate people about safe medication practices.

School Principal Mrs. Kamlesh Mishra appreciated RNTU's efforts, stating that connecting university students with rural communities is a valuable step that inspires school children and broadens their learning beyond the classroom.



# तीन जिलों में गूंजा शिक्षक सम्मान का स्वर: रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय ने नर्मदापुरम्, रायसेन और बैतूल के 525 शिक्षकों को वनमाली शिक्षक सम्मान से नवाज़ा

**14th Sep.:** रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय द्वारा मध्यप्रदेश के तीन प्रमुख जिलों नर्मदापुरम्, रायसेन और बैतूल में भव्य आयोजनों के माध्यम से कुल 525 शिक्षकों को वनमाली वनमाली शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान शिक्षकों के समर्पण, निष्ठा और शिक्षा क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान को नमन करने के उद्देश्य से प्रदान किया गया।

### नर्मदापुरम्: 250 शिक्षकों को मिला सम्मान




नर्मदापुरम् में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक सीताशरण शर्मा। कार्यक्रम कौशल श्री विकास समिति के सहयोग से हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. मनीष वर्मा (संयुक्त संचालक), सुश्री ज्योति प्रहलादी (डीईओ), नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, आरएनटीयू के प्रति-कुलपति डॉ संजीव गुप्ता, डीन एडमिशन डॉ अनिल तिवारी सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। डॉ शर्मा ने कहा "शिक्षक समाज की आत्मा हैं। उनके मार्गदर्शन से ही विद्यार्थी अच्छे नागरिक बनते हैं।"

कार्यक्रम में नर्मदापुरम् के सभी 7 विकासखंडों नर्मदापुरम्, केसला, सिवनी मालवा, बाबई, सोहागपुर, पिपरिया और बनखेड़ी के शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

### रायसेन: 150 शिक्षकों का हुआ सम्मान

रायसेन जिले में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों की कर्मनिष्ठा और शिक्षा के प्रति समर्पण को सराहा गया। मुख्य वक्ताओं ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तभी संभव है जब शिक्षक पूरी ऊर्जा और निष्ठा के साथ विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दें।

आरएनटीयू के प्रतिनिधियों ने बताया कि यह सम्मान "शिक्षकों के प्रति समाज की कृतज्ञता" है।







### बैतूल: 125 शिक्षक सम्मानित

बैतूल में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि सुबोध कांत शर्मा (DPC बैतूल) रहे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. पंडित कांत दीक्षित, श्री नीलेश्वर कालभोर, आरएनटीयू के प्रति-कुलपति डॉ संजीव गुप्ता, डीन एडमिशन डॉ. अनिल तिवारी सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। **सुबोध कांत शर्मा ने कहा** "शिक्षा भविष्य निर्माण का आधार है। शिक्षक ही नई पीढ़ी को सही दिशा देते हैं।"

कार्यक्रम में बैतूल जिले के सभी ब्लॉकों बैतूल, मुलताई, भैंसदेही, शाहपुर, आमला, प्रभात पट्टन, घोड़ाडोंगरी और चिचोली के शिक्षकों को सम्मानित किया गया।



# रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया शिक्षक दिवस




**5th Sep.:** रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में आज शिक्षक दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. रवि प्रकाश दुबे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में सुश्री टिनी तारे पांडेय (प्रोजेक्ट ऑफिसर, महिला एवं बाल विकास विभाग, म.प्र. शासन) तथा सुश्री ज्योति रात्रे (मोटिवेशनल स्पीकर एवं सबसे अधिक उम्र की भारतीय महिला पर्वतारोही) शामिल रहीं। प्रति-कुलपति डॉ. संजीव कुमार गुप्ता, कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी तथा कार्यक्रम समन्वयक व डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. शीतल गुलाटी ने भी विशेष उपस्थिति दर्ज कराई।

इस अवसर पर अपने संबोधन में डॉ. रवि प्रकाश दुबे ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान के वाहक नहीं बल्कि समाज के सच्चे मार्गदर्शक होते हैं। वे विद्यार्थियों के जीवन को सही दिशा देने के साथ-साथ उन्हें संस्कार और मूल्यों से भी जोड़ते हैं। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल डिग्री तक सीमित नहीं है बल्कि अच्छे इंसान बनाना है। उन्होंने कहा कि शिक्षक भविष्य की नींव तैयार करते हैं। उनका योगदान सदैव अमूल्य और प्रेरणादायी रहेगा।

सुश्री टिनी तारे पांडेय ने प्रेरक उद्बोधन देते हुए कहा कि शिक्षा के बिना समाज की प्रगति संभव नहीं है। शिक्षक बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में सबसे अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की निष्ठा और परिश्रम से ही समाज में सकारात्मक बदलाव आता है। शिक्षक ही वह शक्ति हैं जो पीढ़ियों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाते हैं। उनके योगदान का सम्मान करना हम सबका कर्तव्य है।

सुश्री ज्योति रात्रे ने कहा कि जीवन की ऊँचाइयों तक पहुँचने में शिक्षक ही वह आधारशिला हैं जो हमें आगे बढ़ने का साहस देते हैं। कठिन परिस्थितियों में भी उनके मार्गदर्शन से विद्यार्थी नई राह बना लेते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक विश्वास और आत्मबल का संचार करते हैं। उनके सान्निध्य से विद्यार्थी अपने सपनों को पूरा करने की हिम्मत पाते हैं। शिक्षक वास्तव में भविष्य निर्माता हैं।

वहीं डॉ. संजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि शिक्षक केवल पढ़ाने तक सीमित नहीं होते, वे विद्यार्थियों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। उनका मार्गदर्शन छात्रों को जीवन के हर क्षेत्र में सफलता दिलाने का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में शिक्षक ज्ञान और तकनीक के संतुलन को बनाए रखने की भूमिका निभा रहे हैं। शिक्षा को व्यवहारिक और उपयोगी बनाने में उनका योगदान महत्वपूर्ण है। शिक्षक ही समाज की सबसे बड़ी पूँजी हैं।

कार्क्रम के शुभारम्भ अवसर पर डॉ. संगीता जौहरी ने कहा कि शिक्षक दिवस हमें अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि हर छात्र की सफलता के पीछे उसके गुरु का अमूल्य योगदान होता है। शिक्षक सदैव निस्वार्थ भाव से विद्यार्थियों के भविष्य को गढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के विकास की धुरी शिक्षक ही हैं। यह दिवस उनके समर्पण और मेहनत को नमन करने का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान **"वनमाली उत्कृष्टता पुरस्कार 2025"** के अंतर्गत पाँच श्रेणियों में 28 उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

पहली कैटेगरी में एकेडमिक एक्सीलेंस अवॉर्ड में बेस्ट टीचर अवार्ड, बेस्ट मेंटर अवार्ड, दूसरी कैटेगरी में रिसर्च एंड इनोवेशन अवार्ड में एक्सीलेंस इन रिसर्च, इनोवेशन इन हायर एजुकेशन, बेस्ट डिपार्टमेंटल रिसर्च कोआर्डिनेटर (DRPC), इमर्जिंग रिसर्चर अवार्ड, तीसरी कैटेगरी कम्युनिटी एंड इंस्टीट्यूशनल डेवलपमेंट अवार्ड में कंट्रीब्यूशन टू इंस्टीट्यूशनल डेवलपमेंट, सोशल इंपैक्ट एंड कम्युनिटी इंगेजमेंट अवार्ड, बेस्ट लीडरशिप इन एकेडमिक एडमिनिस्ट्रेशन, चौथी कैटेगरी स्टूडेंट सेंट्रिक अवार्ड में मोस्ट पॉपुलर टीचर (स्टूडेंट चॉइस अवॉर्ड), कैरियर गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सपोर्ट अवार्ड और पांचवी स्पेशल कैटेगरी में डिस्टिंग्विश्ड सर्विस अवार्ड इन हायर एजुकेशन में उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला में कविता पाठ, नृत्य, गीत, खेल और फैकल्टी एवं छात्रों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। डेज़ी मैम ने 'ओणम' पर विचार साझा किए और गीतांजलि मैम ने भावपूर्ण काव्य पाठ किया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत गीत, नृत्य और समूह नृत्य ने समारोह को उल्लासपूर्ण बना दिया।





# रंगों और रसमय परंपराओं से सजा उत्सव : रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में ‘एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब’ द्वारा भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन

**25th Sep:** रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में ‘एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब’ के तत्वावधान में गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ, जिसने विश्वविद्यालय परिसर को पारंपरिक संगीत, रंगीन परिधानों और उत्सवी माहौल से सराबोर कर दिया। भारतीय संस्कृति की विविधता और सामुदायिक एकता को समर्पित यह कार्यक्रम छात्रों, शिक्षकों और संपूर्ण विश्वविद्यालय परिवार के लिए अविस्मरणीय अनुभव बनकर उभरा। गरबा और डांडिया की मोहक प्रस्तुतियों ने न केवल मनोरंजन किया, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक विरासत को जीवंत भी किया।



महोत्सव में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री संतोष चौबे, प्रो-चांसलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स, कुलगुरु डॉ. रवि प्रकाश दुबे, प्रति कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता और कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी ने आयोजन की भव्यता और महत्ता को और बढ़ाया। माँ दुर्गा की स्तुति और दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसने पूरे माहौल में आध्यात्मिक ऊर्जा और उत्साह भर दिया।



पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित छात्र-छात्राओं ने गरबा और डांडिया की जोशीली प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। तालबद्ध कदमों, समूह नृत्य की संरचनाओं और आकर्षक संगीत ने सभी को उत्सव की भावना में डुबो दिया। विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी यह दर्शाती है कि आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों को समझना और अपनाना आज भी उनके लिए उतना ही महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में डीन, स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. शीतल गुलाटी का नेतृत्व महत्वपूर्ण रहा। सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. जितेन्द्र अहिर, फैकल्टी कोऑर्डिनेटर सुश्री शैरन मास्टर और सुश्री दुर्गा वर्मा ने अपने अथक प्रयासों से आयोजन को सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाया। उनकी टीम द्वारा किए गए सूक्ष्म प्रबंधों ने प्रतिभागियों और दर्शकों दोनों के अनुभव को सहज और सुखद बनाया।

गरबा महोत्सव की विशेष आकर्षण रही ‘टेस्ट ऑफ इंडिया’ थीम पर आधारित फूड स्टॉल श्रृंखला। विश्वविद्यालय की फैकल्टी ने विभिन्न राज्यों के पारंपरिक व्यंजन प्रस्तुत किए, जिन्हें छात्रों और स्टाफ ने बड़े उत्साह के साथ चखा। गुजरात के ढोकला, राजस्थान की दाल-बाटी, महाराष्ट्र के वड़ा-पाव, पंजाब की मसालेदार डिशेज, दक्षिण भारतीय व्यंजन और पूर्वोत्तर भारत के विशेष पकवानों ने सभी को भारत की समृद्ध खाद्य संस्कृति से रूबरू कराया। इन स्टॉलों ने न केवल स्वाद का आनंद दिया, बल्कि देश की विविधता का भी सुंदर संदेश प्रस्तुत किया।

‘एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब’ द्वारा आयोजित यह महोत्सव केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि राष्ट्रीय एकता, सौहार्द और पारंपरिक मूल्यों को बढ़ावा देने का एक सफल प्रयास भी था। विभिन्न राज्यों की कला, वेशभूषा और स्वाद को एक ही मंच पर प्रस्तुत करके इस आयोजन ने विविधता में एकता की अवधारणा को और मजबूती प्रदान की।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों के उत्साह, फैकल्टी के समर्पण और प्रशासन के सहयोग ने मिलकर इस आयोजन को विशिष्ट गरिमा प्रदान की।



